प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 13.02.2025

- **जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कडी कार्यवाही।**
- **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा 02 नफर चोर व 02 नफर बाल अपचारी चोर को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी किया गया माल व 16,000 रुपये नकद बरामद किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में, जनपद कानपुर देहात में चोरी की घटनाओं/अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 12.02.2025 को वादी श्री विनीत कुमार सचान पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद सचान निवासी ग्राम दिवली थाना रेउना जनपद कानपुर नगर द्वारा थाना गजनेर पर तहरीर दी गयी गयी कि मुझसे दिनांक 12.02.2025 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा त्रिवेदिनपुरवा नहर पुलिया के पास से 01 अदद मोबाइल फोन INFINIX छीन-झपट कर भाग गये हैं, जिसके सम्बन्ध में थाना गजनेर पर मु0अ0सं0 33/2025 धारा 304/317 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना गजनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 13.02.2025 को गस्त व चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1. कौशल गुप्ता पुत्र रामकिशोर गुप्ता उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम सरवनखेड़ा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात 2. अयान खाँ पुत्र मो0 रफीक उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम सरवनखेड़ा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात व 02 नफर बाल अपचारी को सरवनखेडा रामलीला मैदान के पास से समय 01.40 बजे मय चोरी के माल 01 अदद मोबाइल फोन INFINIX सम्बन्धित मु0अ0सं0 0033/2025 अन्तर्गत धारा 304/317(2) बीएनएस व 09 अदद एंगिल हाईटेंशन विद्युत पोल के तथा 37 अदद नट बोल्ट मय वासर तथा 01 प्लेट व 16,000/- रूपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गजनेर पर मु0अ0सं0 0034/2025 धारा 35 बीएनएसएस व 317(4) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. कौशल गुप्ता पुत्र रामकिशोर गुप्ता उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम सरवनखेड़ा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।
2. अयान खाँ पुत्र मो0 रफीक उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम सरवनखेड़ा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।
3. 02 नफर बाल अपचारी।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि कल दिनांक 12.02.2025 को दिन हम लोगों ने अपने दो अन्य साथियों जिनके नाम निखिल पुत्र विजय पाल सोनकर व नन्हू पुत्र गुलई सोनकर के साथ मिलकर त्रिवेदिनपुर नहर पुलिया के पास खडे एक व्यक्ति का मोबाइल झपट्टा मारकर छीनकर खेतों की तरफ भाग गये थे जो आपको अयान के पास से (iNfiNix कम्पनी का) मिला है यह वही फोन है जिसे हम लोग कल छीनकर भाग गये थे। अन्य बरामद सामान के बारें पूछने पर बताया कि यह एंगिल सरवनखेड़ा गांव के पश्चिम दिशा में बने हाइटेंशन लाइन के खम्भे से हम लोगों ने निकाले हैं। बेचने के लिए जा रहे थे तभी आप लोगों ने हमें पकड़ लिया और हमारे दो साथी निखिल व नन्हू भाग गये। हम लोगों ने पहले भी कई बिजली के खम्भों से एंगिलों की चोरी करके दिलशाद कबाड़ी निवासी रायपुर को बेचे थे तथा कुछ दिन पहले लोहारी के पास बन रही पानी की टंकी से 40 पाइप हम लोगों ने चुराकर दिलशाद को बेच दिये थे। दिलशाद ही अपनी गाड़ी/लोडर जिसका नं0 UP 41 AT 0302 है से चोरी किये हुए एंगिल लादकर ले जाता था। हम लोगों के पास जो पैसा मिला है वह चोरी की एंगिलों को बेचने का पैसा है।

शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर तलाश की जा रही है, शीघ्र ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद मोबाइल फोन INFINIX सम्बन्धित मु0अ0सं0 0033/2025 अन्तर्गत धारा 304/317(2) बीएनएस व 09 अदद एंगिल हाईटेंशन विद्युत पोल के तथा 37 अदद नट बोल्ट मय वासर तथा एक प्लेट व 16,000/- रूपये नकद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- व0उ0नि0 श्री यतेन्द्र कुमार थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।
2- उ0नि0 श्री राजेश कुमार थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।
3- उ0नि0 श्री मान सिंह थाना गजनेर कानपुर देहात।
4- का0 1128 साहिल श्रीवास्तव थाना गजनेर कानपुर देहात।
5- का0 147 अंकित कुमार थाना गजनेर कानपुर देहात।